# BULANDSHAHRPOLICE

**दिनांक- 19 नवम्बर, 2023** **थाना डिबाई**

## 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 50 मधुमक्खी के बॉक्स, 01 लोडर गाड़ी, अवैध असलहा कारतूस आदि बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 18.11.2023 की रात्रि में थाना डिबाई पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर गालिबपुर बाधौर रोड़ से 03 शातिर अभियुक्तो को 50 मधुमक्खी के बॉक्स, 01 लोडर गाड़ी व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना डिबाई पर मुअसं- 511/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1- रोहताश पुत्र गिर्राज सिंह निवासी ग्राम सेहरी खुर्द थाना उच्चैन जनपद भरतपुर (राजस्थान)।
2- मनीष कुमार पुत्र सोहन सिंह निवासी ग्राम मई थाना लखनपुर जनपद भरतपुर (राजस्थान)।
3- रणजीत शाह पुत्र रामसुवारथ शाह निवासी पटयाश थाना अहयापुर जनपद मुजफ्फरपुर (बिहार)।

**बरामदगी-**

1. 50 मधुमक्खी के बॉक्स (चोरी के)
2. 01 लोडर नं0- RJ-05GB-9887
3. 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म चोर हैं जिनके द्वारा दिनांक 18/19.10.2023 की रात्रि में थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बाघौर जंगल से 50 मधुमक्खी के बॉक्स चोरी करने की घटना की गयी थी जिसके संबंध में थाना डिबाई पर मुअसं- 484/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री छोटे सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना डिबाई
2. श्री वरुण शर्मा प्रभारी सर्विलांस सेल
3. उ0नि0 सतीश कुमार
4. है0का0 निकुंज, का0 रोहित कुमार, का0 अभिषेक कुमार, का0 लव कुमार






**मीडिया सैल बुलन्दशहर**